

# एलएसजी सिर्फ 141 रन पर ऑलआउट

## आईपीएल 2026 : एनगिडी-नटराजन ने मिलकर निकाले 6 विकेट

**छठे विकेट की साझेदारी ने टीम की नैया पार लगाई**

**रिषभ पंत ने टीम को दिया 7 रन का योगदान**



**लखनऊ, 1 अप्रैल. लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पांचवें मैच में जीत के 142 रन का टारगेट दिया है। दोनों टीमें जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेंगी.**

बुधवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स 18.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। इस टीम को कप्तान ऋषभ पंत के रूप में महज 19 के स्कोर पर पहला झटका लग गया था।

पंत टीम के खाते में सिर्फ 7 ही रन का योगदान दे सके। इसके बाद मार्श ने एडेन मार्करम के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 48 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

इसके बाद टीम ने तेजी से अपने विकेट गंवाए। आलम ये रहा कि 71 के स्कोर तक 5 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। मिचेल मार्श (35) का विकेट भी गिर चुका था। यहां से मुकुल चौधरी ने अब्दुल समद के साथ छठे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के पार पहुंचाया।

मुकुल टीम के खाते में 14 रन का योगदान दे सके, जिसके बाद अब्दुल समद ने शाहबाज अहमद के साथ सातवें विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करते हुए एलएसजी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

> अब्दुल समद 25 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स के खेमे से लुंगी एनगिडी और टी नटराजन ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि कुलदीप यादव को 2 विकेट और अक्षर पटेल को 1 विकेट हाथ लगा।ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, मोहसिन खान, मोहम्मद शमी, एनरिक नॉर्टजे और प्रिंस यादव के साथ मैदान पर उतरी है। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, नितीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, विपराज निगम, लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव, टी नटराजन और मुकेश कुमार के साथ यह मैच खेल रही है।

### एक नजर में



#### फुटबॉल टैलेंट पाइपलाइन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में चमका सुदूर बस्तर का आश्रम

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के दूरस्थ अबूझमाड़ क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से 1986 में स्थापित रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम आज चुपचाप फुटबॉल प्रतिभाओं की एक अनोखी नर्सरी बनकर उभरा है. इसका प्रभाव मौजूदा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में साफ दिखाई दे रहा है, जहां पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों में एक दर्जन से अधिक खिलाड़ी आश्रम में प्रशिक्षण पाकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. जहां महिला टीम फाइनल में पहुंच चुकी है, वहीं पुरुष टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है.

#### इटली की टीम लगातार तीसरी बार विश्वकप के लिए नहीं कर पाई क्वालीफाई



**बर्लिन.** चार बार की चैंपियन इटली, बोस्निया और हर्जेगोविना से रोमांचक प्लेऑफ मैच में हारने के बाद लगातार तीसरी बार फीफा विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही. यह मैच पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ. जेनिका में मंगलवार को खेला गया मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर छूटा. इसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्वकप में अपनी जगह पक्की की. मैच के बाद इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा, 'हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा है. यह सबके लिए बहुत दुख की बात है.'

#### हमाम हुसैन ने घर-घर दूध पहुंचाते हुए कुश्ती के अभ्यास के साथ अपने सपने को जिंदा रखा



**अंबिकापुर.** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले जम्मू-कश्मीर के हमाम हुसैन ने बड़े भाई के साथ घर-घर जाकर दूध पहुंचाने के साथ कुश्ती का अभ्यास करते हुए अपने सपने को जिंदा रखा. जम्मू के जोरावर गांव के रहने वाले 28 वर्षीय हमाम के लिए जिंदगी और खेल हमेशा साथ-साथ चले हैं. पांच साल पहले पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके और उनके बड़े भाई के कंधों पर आ गई. दोनों ने मिलकर दूध बेचकर घर चलाया और इसी के साथ हमाम ने अपने कुश्ती के सपने को जिंदा रखा. आखिरकार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में यह संघर्ष रंग लाया, जहां हमाम ने पुरुषों के 79 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिमाचल प्रदेश के मोहित कुमार को हराकर स्वर्ण पदक जीता.

## अमेलिया के शतक से न्यूजीलैंड की रोमांचक जीत

### न्यूजीलैंड ने 347 रन का लक्ष्य किया हासिल



**वेलिंग्टन, 01 अप्रैल न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला खड़ा किया.**


इस जीत की सबसे बड़ी नायिका कप्तान अमेलिया केर रहीं, जिन्होंने नाबाद 179 रन की शानदार पारी खेलते हुए टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर जीत दिलाई. 347 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर तक संघर्ष किया और दो गेंद शेष रहते जीत हासिल की. वेलिंग्टन में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में क्रिकेट प्रशंसकों को रोमांच की हर वह झलक देखने को मिली, जिसकी एक बड़े मैच से उम्मीद की जाती है. दोनों टीमों ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में अमेलिया केर की ऐतिहासिक पारी ने मैच का रुख न्यूजीलैंड के पक्ष में मोड़ दिया. 347 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही.

> टीम ने महज 21 रन के स्कोर पर अनुभवी बल्लेबाज सुजी बेट्स का विकेट गंवा दिया. शुरुआती झटके के बाद कप्तान अमेलिया केर ने मोर्चा संभाला और जॉर्जिया प्लिमर के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया. दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े, जिससे टीम कुछ हद तक संभली. 16वें ओवर में कायला रेनेके ने प्लिमर को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया. दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने दबाव बनाते हुए मैडी ग्रीन और ब्रूक हेलिडे को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया.

### श्रेयस पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर.** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 4 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी. चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया.

## बीमारी के बाद राडुकानू एक और टूर्नामेंट से हटीं



कॉम्पिटिटिव एक्शन में लौटने से पहले पूरी तरह ठीक होने पर ध्यान देना चाहती हैं.

**लंदन, 01 अप्रैल एम्मा राडुकानू के प्रतिनिधियों के अनुसार, वायरल बीमारी से ठीक होने के कारण उन्होंने अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत में देरी की है.**

ब्रिटिश नंबर एक खिलाड़ी को अगले हफ्ते ऑस्ट्रिया में लिंज़ ओपन में खेलना था, लेकिन बीबीसी स्पोर्ट को बुधवार को बताया गया कि उन्होंने डब्ल्यूटीए 500 इवेंट से नाम वापस ले लिया है. ऐसा माना जा रहा है कि 23 साल की राडुकानू क्ले कोर्ट पर

## टी20 मैचों के लिए ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत




**हरारे, 01 अप्रैल. जुलाई में तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए ज़िम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को ज़िम्बाब्वे क्रिकेट ने की.**

यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला ज़िम्बाब्वे दौरा होगा, जब उन्होंने पांच टी20 मैच वहां खेले थे. यह घोषणा ज़िम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे. यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी. भारत और ज़िम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी.

> **सीरीज का कार्यक्रम**
>
> **पहला टी20** - 23 जुलाई, **दूसरा टी20**- 25 जुलाई, **तीसरा टी20**- 26 जुलाई. सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जायेंगे. जेडसी के मैनेजिंग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के ख़िलाफ़ सीरीज, ज़िम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फ़ैंस दोनों के लिए बड़ा मौक़ा है. उन्होंने कहा, 'भारत के ख़िलाफ़ मैच हमेशा काफ़ी उत्साह पैदा करते हैं और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियन टीम के ख़िलाफ़ अपने घरेलू मैदान पर ख़ुद को परखने का शानदार अवसर है.आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में हमारे अच्छे प्रदर्शन के बाद यह सीरी हमें आगे बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मजबूत टीम बनने का मौक़ा देती है.

## सुरेश-सचिन मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में



**उलानबटार, 01 अप्रैल भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है.**

आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकज़ात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की. सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं. इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे. महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे.

> ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था. आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे. मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी.

## ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में सबसे आगे मर्फी



**ह्यमेलबर्न,01अप्रैल. भारतीय धरती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 के लिए 21-सदस्यीय सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी को शामिल किया है और मैथ्यू कुहनेमैन को बरकरार रखा गया है.**

चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग को मजबूत करने पर ज़ोर दिया है, क्योंकि 38 वर्षीय नाथन लियोन पिछले साल घरेलू एशेज के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबरकर वापसी कर रहे हैं.तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट को अपना पहला पूर्ण कॉन्ट्रैक्ट मिला, जबकि सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने पिछले गर्मियों में मिली अपनी अपग्रेडेड डील को बरकरार रखा. घरेलू गर्मियों में शानदार प्रदर्शन के बाद माइकल नेसर भी इस लिस्ट में वापस आ गए हैं. पिछले चक्र से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (रिटायर्ड), सैम कोन्स्टास, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और मैट शॉर्ट शामिल हैं. आगे का शेड्यूल काफी व्यस्त है. ऑस्ट्रेलिया अगले साल 15 टेस्ट मैच खेलने वाला है: दो घरेलू मैच बांग्लादेश के खिलाफ, तीन दक्षिण अफ्रीका में, चार घरेलू मैच न्यूज़ीलैंड के खिलाफ, और भारत का पांच टेस्ट मैचों का दौरा, साथ ही एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का एक विशेष मैच. इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो सकता है, और फिर 2027 के मध्य में पांच टेस्ट मैचों का एशेज दौरा होगा.

**ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट 2026-27 :**

ज़ेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, बो वेबस्टर, एडम जम्पा.

**मुकाबला** ईडन गार्डन्स में स्पिन और पावर-हिटिंग के बीच दिलचस्प जंग

## कोलकाता और हैदराबाद के बीच होगी टक्कर



**कोलकाता, 01 अप्रैल आईपीएल 2026 में गुरुवार को ईडन गार्डन्स में होने वाला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि दो अलग-अलग क्रिकेटिंग सोच की टक्कर होगा.**

एक ओर केकेआर अपनी संतुलित टीम, घरेलू परिस्थितियों और स्पिन आक्रमण के दम पर मैच को नियंत्रित करने की कोशिश करेगा, वहीं एसआरएच अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर शुरुआती ओवरों से ही दबाव बनाने की रणनीति के साथ उतरेगा. इस मुकाबले में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या हैदराबाद की आक्रामकता कोलकाता के संयम और रणनीति पर भारी पड़ती है या फिर घरेलू टीम अपने अनुभव और परिस्थितियों की समझ से बाज़ी मार लेती है.

ईडन गार्डन्स की पिच हमेशा से ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांच का केंद्र रही है. यह मैदान बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने का मौका देता है, लेकिन साथ ही गेंदबाजों खासकर स्पिनरों—को भी खेल में बनाए रखता है. दिन के मुकाबले रात में यहां बल्लेबाजी अपेक्षाकृत आसान हो जाती है, क्योंकि ओस के कारण गेंद बल्ले पर बेहतर तरीके से आती है. हालांकि, बीच के ओवरों में स्पिन गेंदबाजों की भूमिका बेहद अहम हो जाती है, जहां मैच का रुख पलट सकता है. कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम इस बार एक संतुलित यूनिट के रूप में नजर आ रही है. अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी बल्लेबाज टीम को ठहराव और स्थिरता देते हैं. उनकी भूमिका सिर्फ रन बनाना ही नहीं, बल्कि पारी को संभालकर रखना भी होती है. वहीं, फिन एलन और अंगकृष रघुवंशी जैसे युवा खिलाड़ी तेज शुरुआत देने में सक्षम हैं, जो पावरप्ले में रन गति को बढ़ा सकते हैं.मध्यक्रम में कैमरन ग्रीन की मौजूदगी टीम को गहराई देती है. वह न सिर्फ तेज रन बना सकते हैं, बल्कि जरूरत पड़ने पर गेंद से भी योगदान दे सकते हैं. रिंकू सिंह एक बार फिर फिनिशर की भूमिका में अहम साबित हो सकते हैं, जिनकी क्षमता मैच के अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरने की है.

> गेंदबाजी में केकेआर की सबसे बड़ी ताकत उनकी स्पिन जोड़ी है—सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती. ये दोनों गेंदबाज अपने विविधताओं और सटीक लाइन-लेंथ के जरिए बल्लेबाजों को बांधकर रखते हैं. इनके अलावा वैभव अरोड़ा और कार्तिक त्यागी नई गेंद से विकेट निकालने और डेथ ओवर्स में रन रोकने की जिम्मेदारी निभाएंगे. दूसरी तरफ, सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पूरी तरह से अपनी बल्लेबाजी पर निर्भर नजर आती है. ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को शुरुआती ओवरों में दबाव में डाल सकती है.